**श्रीमती स्मिता सिन्हा, संयुक्त सचिव, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में दिनांक–08.05.2025 को विभाग अंतर्गत बजट शीर्ष–3451 में खुली निविदा (PR-022964 (Animal) 2024-25) के माध्यम से आउटसोर्सिंग के आधार पर अभिलेखों की स्कैनिंग एवं डिजिटाइजेशन हेतु प्राप्त तकनीकी निविदा में सफल हुए कुल–02 फर्म/एजेंसी को PPT Presentation देने एवं वित्तीय निविदा को खोलने हेतु वित्तीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही :–**

---

1) उपस्थिति :– (i) श्रीमती स्मिता सिन्हा, संयुक्त सचिव, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग।

(ii) श्री शैलेश कुमार, आंतरिक वित्तीय सलाहकार, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग।

(iii) श्री मुकेश कुमार 'मुकुल', उप सचिव, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग।

(iv) श्री मनोज कश्यप, परियोजना निदेशक, बी०एल०डी०ए०, बिहार, पटना।

(v) श्रीमती नूतन कुमारी, आई०टी०प्रबंधक, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार, पटना।

2) सर्वप्रथम विभाग अंतर्गत बजट शीर्ष–3451 में खुली निविदा के माध्यम से ई–ऑफिस के क्रियान्वयन हेतु आउटसोर्सिंग के आधार पर अभिलेखों की स्कैनिंग एवं डिजिटाइजेशन हेतु प्राप्त तकनीकी निविदा में सफल हुए कुल–02 फर्म/एजेंसी से प्राप्त वित्तीय निविदा को खोले जाने गठित वित्तीय निविदा समिति के सभी उपस्थित सदस्यों तथा वित्तीय निविदा में भाग लेने वाले फर्म/एजेंसी के प्रतिनिधियों का हार्दिक अभिनन्दन करते हुए बैठक की कार्यवाही आरंभ की गयी।

3) वित्तीय निविदा समिति के साथ विभागीय आई०टी०प्रबंधक श्रीमती नूतन कुमारी की उपस्थिति में दोनों फर्म/एजेंसी द्वारा अभिलेखों की स्कैनिंग की प्रक्रिया हेतु PPT Presentation दिया गया। समिति के द्वारा दोनों फर्म/एजेंसी का PPT Presentation संतोषप्रद पाया गया।

4) PPT Presentation के पश्चात् निविदाकर्ताओं द्वारा समर्पित लिफाफाबंद वित्तीय निविदा को निविदादाता की उपस्थिति में खोल कर जाँच की गयी। जाँच के क्रम में पाया गया दर निम्नलिखित है :–

| Sl. No. | Name of Company | Rate in INR (Figures & Words) Excluding GST |
|---|---|---|
| 01 | Destinity IT Services Pvt. Ltd., Exhibition Road, Patna. | ₹ 0.22 (Twenty Two Paise) **(L1)** |
| 02 | J. K. Enterprises, Khagaul, Patna. | ₹ 0.28 (Twenty Eight Paise) |

5) वित्तीय निविदा की जाँच के क्रम में यह पाया गया कि प्रति पृष्ठ स्कैनिंग हेतु दिये गये दर में से न्यूनतम दर **₹** 0.22 (बाईस पैसे) मात्र है, जो डेस्टिनी आई०टी० सर्विसेज प्रा० लि०, पटना का है।

6) वित्तीय निविदा के उल्लेखित दर में GST सम्मिलित नहीं है। अतः वित्तीय निविदा समिति द्वारा सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि L1 सर्विस प्रदाता को भुगतान करने के समय निर्धारित न्यूनतम दर के साथ GST शामिल किया जायेगा। साथ ही, भुगतान के समय अभिश्रव पर अन्य सभी अनुमान्य करों की कटौती नियमानुसार कर भुगतान किया जायेगा।

सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गयी।

| | | | |
|---|---|---|---|
| ह०/– | ह०/– | ह०/– | ह०/– |
| (श्री मनोज कश्यप) | (श्री मुकेश कुमार 'मुकुल') | (श्री शैलेश कुमार) | (श्रीमती स्मिता सिन्हा) |
| परियोजना निदेशक, | उप सचिव, | आंतरिक वित्तीय सलाहकार, | संयुक्त सचिव, |
| बी०एल०डी०ए०, | पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, | पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, | पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, |
| बिहार, पटना। | बिहार, पटना। | बिहार, पटना। | बिहार, पटना। |

ज्ञापांक–4 (1) क्रय–03/2023– 2079 /पटना–15, दिनांक–09/05/2025

**प्रतिलिपि** :–अपर मुख्य सचिव के आप्त सचिव/अपर सचिव के आप्त सचिव/संयुक्त सचिव के आप्त सचिव/ आंतरिक वित्तीय सलाहकार, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार, पटना/समिति के सभी सदस्य को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2. विभागीय आई०टी० प्रबंधक को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

अजय 09/05/25

(अजय प्रकाश)
सरकार के अवर सचिव।

4